# डॉ० भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा

(पूर्ववर्तीः आगरा विश्वविद्यालय, आगरा)


पत्रांक : सम्ब०/ 1166 /2026  दिनांक : 04/04/2026

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या, समस्त सम्बद्ध/संघटक महाविद्यालय,
डॉ० भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा।

विषयः— पी०एम० गति शक्ति पोर्टल पर डेटा इंटीग्रेशन हेतु समस्त उच्च शैक्षणिक संस्थाओं द्वारा डेटा उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक, शिक्षा निदेशक (उ०शि०), उ०प्र०, उच्च शिक्षा निदेशालय, प्रयागराज के पत्र संख्यादृ डिग्री विकास/10/2026—27, दिनांक 01—04—2026 एवं शासन के पत्र संख्या 674/सत्तर—4—2025, दिनांक 05 जून, 2025 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। उक्त पत्रों के माध्यम से पी०एम० गति शक्ति पोर्टल पर डेटा इंटीग्रेशन हेतु उच्च शिक्षा विभाग से संबंधित आँकड़े उपलब्ध कराए जाने की अपेक्षा की गई है। जिसकी सूचना गूगल फॉर्म के लिंक पर भरनी है। (लिंक https://docs.google.com/forms/d/e/1FAIpQLSct1e0EwozkcS1kJic3CE-lye7Vhrp30lycfogqnxb3M5gwHg/viewform )

अतः उपर्युक्त के क्रम में निर्देशित किया जाता है कि शासनादेश के अनुपालन में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए की गई कार्यवाही से अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराने का कष्ट करें।

संलग्नकः यथोपरि ।

भवदीय

कुलसचिव

प्रतिलिपिः—निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—

1. शिक्षा निदेशक (उ०शि०), उ०प्र० उच्च शिक्षा निदेशालय, प्रयागराज
2. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, आगरा।
3. प्रभारी मा० कुलपति को, मा० कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
4. गार्ड फाइल ।

कुलसचिव

Scan for Google form

DHEUP-DVKSOMISC/39/2025-DVKS-DHEUP

I/530908/2026

प्रेषक, **महत्वपूर्ण/ई – मेल**

शिक्षा निदेशक (उ0शि0),उ0प्र0,
उच्च शिक्षा निदेशालय,
प्रयागराज।

सेवा में,

1. समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, उत्तर प्रदेश।
2. कुलसचिव, समस्त राज्य विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश।
3. अपर सचिव, उत्तर प्रदेश राज्य उच्च शिक्षा परिषद्, लखनऊ।

पत्रांक:- डिग्री विकास/ 10 /2026 – 27 दिनांक – 01/04/2026

**विषय – पी0एम0 गति शक्ति पोर्टल पर डेटा इन्ट्रीग्रेशन हेतु समस्त उच्च शैक्षणिक संस्थानों द्वारा डेटा उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र संख्या 674/सत्तर – 4 – 2025 दिनांक 05 जून, 2025 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके माध्यम से पी0एम0 गति शक्ति पोर्टल पर डेटा इन्ट्रीग्रेशन हेतु उच्च शिक्षा विभाग से सम्बन्धित डेटा उपलब्ध कराये जाने की अपेक्षा की गयी है।

प्रश्नगत प्रकरण के सम्बन्ध में आपसे अपेक्षा की जाती है कि समस्त उच्च शिक्षण संस्थानों(राज्य विश्वविद्यालय, निजी विश्वविद्यालय, स्ववित्तपोषित, राजकीय, अशासकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालय) से निम्नवत् दिये गये गूगल फॉर्म के माध्यम से **दिनांक 10.04.2026 तक** प्रत्येक दशा में पूरित कराना सुनिश्चित करें जिससे ससमय पी0एम0 गति शक्ति पोर्टल पर डेटा इन्ट्रीग्रेशन की कार्यवाही पूर्ण की जा सके –

https://docs.google.com/forms/d/e/1FAIpQLSct1e0EwozkcS1kJic3CElye7Vhrp30lycfogqnxb3M5gwHg/viewform?usp=preview

साथ ही समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी एवं अपर सचिव, उत्तर प्रदेश राज्य उच्च शिक्षा परिषद्, लखनऊ से यह अपेक्षा की जाती है कि उक्त सूचना निम्न प्रारूप पर दिनांक 11.04.2026 को इस कार्यालय की ई – मेल आई0डी0 pmgatishaktiup@gmail.com पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें –

क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी कार्यालय

| क्रम संख्या | गूगल फॉर्म पूरित करने वाले संस्थान का विवरण | | | |
|---|---|---|---|---|
| - | कुल वि0वि0 | अवशेष वि0वि0 | महाविद्यालय | अवशेष महाविद्यालय |
| 1 | 3 | 4 | 5 | 6 |

उत्तर प्रदेश राज्य उच्च शिक्षा परिषद्, लखनऊ

| क्रम संख्या | पूर्ण कर चुके विश्वविद्यालयों की संख्या | अवशेष विश्वविद्यालयों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |

**संलग्नक – यथोक्त।**

भवदीय,

Digitally signed by AJIT KUMAR SINGH
15:09:52
डॉ0 (अजीत कुमार सिंह)
सहायक शिक्षा निदेशक (उ0शि0)/
नोडल अधिकारी : पी0एम0 गति शक्ति
उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

पृष्ठांकन संख्या – डिग्री विकास/ /उसी तिथि को।

प्रतिलिपि विशेष सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग – 4, उत्तर प्रदेश, लखनऊ को सूचनार्थ –

**डॉ0 (अजीत कुमार सिंह)**
सहायक शिक्षा निदेशक (उ0शि0)/
नोडल अधिकारी : पी0एम0 गति शक्ति
उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।